# प्रशिक्षण विवरणिका



## कृषि मशीनरी
## प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान

बुदनी (म. प्र.), हिसार (हरियाणा), अनन्तपुर (आ. प्र.), बिश्वनाथ चारियाली (असम)

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**कृषि मंत्रालय**
**(कृषि एवं सहकारिता विभाग)**
**यांत्रिकीकरण एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग**

## परिचय

कृषि के वर्तमान परिदृश्य में कृषि यांत्रिकरण का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । अब यह प्रमाणित भी हो चुका है कि ''कृषि मशीनरी'' का भी कृषि में कृषि के अन्य घटकों की तरह महत्वपूर्ण स्थान है । उन्नत कृषि तकनीक एवं आधुनिक कृषि मशीनरी के प्रयोग से उत्पादन में बढ़ोत्तरी संभव है । इससे कृषि उत्पादकता व उत्पादन के साथ–साथ रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे व श्रम में कमी आएगी । कृषि मशीनों के उचित चुनाव, उपयोग, प्रचालन, मरम्मत व रखरखाव के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने क्षेत्रानुसार कृषि मशीनरी प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की।

इन संस्थानों को विभिन्न कृषि यंत्रों व उपकरणों को भारतीय मानक ब्यूरो के दिशा निर्देश के अनुसार विभिन्न कृषि जलवायु के अंतर्गत परीक्षण करने का कार्य भी सौंपा गया है ।

कृषि यंत्रों के प्रशिक्षण एवं परीक्षण की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु क्षेत्रानुसार निम्नलिखित संस्थानों को स्थापित किया है ।

1 केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर , बुदनी – 466445, जिला – सीहोर (म.प्र.) — सन् 1955 से
दूरभाष 07564 234729 E-mail : fmti-mp@.nic.in

2 निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा) 125001 — सन् 1963 से
दूरभाष 01662 276984 E-mail : fmti-nr@nic.in

3 निदेशक, दक्षिणी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, गार्लडिन्ने, जिला–अनन्तपुर (आ.प्र.) 515731 — सन् 1983 से
दूरभाष 08551 286441 E-mail : fmti-sr@nic.in

4 निदेशक, उत्तर पूर्वीय क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, विश्वनाथ चरेली, जिला–सोनितपुर (असम) 784176 — सन् 1990 से
दूरभाष 03715 222094 E-mail : fmti-ner@nic.in

## संस्थानों की भौगोलिक स्थिति :–

**बुदनी –** बुदनी संस्थान दक्षिण मध्य रेल्वे के बुदनी रेल्वे स्टेशन से लगभग 1.6 कि.मी. दूर मध्यप्रदेश में है । बुदनी दिल्ली को मुम्बई तथा मद्रास से जोड़ने वाली मुख्य लाइन पर हे और इटारसी जंक्शन से 25 कि. मी. दूर है । भोपाल नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 69 बुदनी संस्थान के बीच से होकर जाता है और भोपाल से 65 कि.मी. दूर है ।

**हिसार–** हिसार संस्थान हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर है और दिल्ली से सड़क द्वारा लगभग 170 कि.मी. तथा रेल्वे से 226 कि.मी. (उत्तरी रेल्वे) दूर है । यह संस्थान हिसार नगर से 5 कि.मी. दूर सिरसा रोड पर है ।

**गार्लडिन्ने (अनन्नतपुर)–** यह संस्थान अनन्तपुर जिले से 24 कि.मी. और गार्लडिन्ने शहर से 4 कि.मी. दूर है । इसके नजदीक गार्लडिन्ने (दक्षिण मध्य रेल्वे) जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 पर हे ।

**विश्वनाथ चरेली–** यह संस्थान सोनितपुर जिले में गुवाहाटी से सड़क मार्ग द्वारा लगभग 250 कि.मी. और विश्वनाथ चरेली से विश्वनाथ घाट रोड की ओर 4 कि.मी. की दूरी पर स्थित है । गुवाहाटी–लखिमपुर रोड विश्वनाथ चरेली से होकर जाता है । विश्वनाथ चरेली रेल्वे स्टेशन, गुवाहाटी–मुकांग सेलेक रेलमार्ग पर स्थित है ।

**मौसम व जलवायु–**

**बुदनी–** प्रायः यहां की जलवायु साधारण रहती है, बरसात का मौसम जून के तीसरे सप्ताह से सितम्बर माह के बीच रहता है । औसत वर्षा 1200 मि.मी. होती है । सर्दियों का समय कम रहता है, परन्तु गर्मियों में यहॉ का तापमान 45 डि.से.ग्रे.. के आसपास होता है ।

**हिसार–** हिसार उत्तरी अक्षांश से 29° 10' व पश्चिम में 75° 46' पर व समुद्र तल से 215.2 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है । गर्मी के मौसम में न्यूनतम तापमान 22–25 डिग्री से.ग्रे. अधिकतम तापमान 36–40 डि.से.ग्रे. रहता है । सर्दियों में न्यूनतम 6–8 डि.से.ग्रे. व अधिकतम 22–25 डि. से.ग्रे. रहता है । वर्षा का औसत 350–400 मि.मी. प्रतिवर्ष है ।

**गार्लडिन्ने (अनन्तपुर)–** यह संस्थान राज्य के सबसे सूखे क्षेत्र में स्थित है, जिसके कारण कृषि परिस्थितियां अनुकूल नहीं है । यहां पर औसत वर्षा 500 मि.मी. प्रतिवर्ष है । मार्च से लेकर मई तक यह क्षेत्र गर्म रहता है तथा इस दौरान अधिकतम तापमान 30–40 डि.से.ग्रे. के मध्य होता है । दिसम्बर व जनवरी में मौसम ठंडा रहता है तथा तापमान 17–20 डि.से.ग्रे. के मध्य होता है । यहॉ मुख्यतः लाल मिट्टी पाई जाती है ।

**विश्वनाथ चरेली–** यह संस्थान सोनितपुर जिलें में स्थित है । यहां सामान्यतः अच्छी वर्षा होती है । गर्मियां, (मई व प्रारंभिक जून) मुख्यतः गर्म व उमस भरी होती है और औसत तापमान 29 डिग्री से.ग्रे. होता है । शीत ऋतु अक्टूबर से फरवरी के मध्य होती है तथा यह सामान्यतः शुष्क होती है तथा औसत तापमान 16 डि.से.ग्रे. होता है । दिसम्बर के आखिरी सप्ताह व जनवरी के प्रथम सप्ताह में कड़ाके की ढंड होती है मार्च, अप्रैल में सामान्यतः मौसम सुहाना रहता है ।

**प्रशिक्षण के संदर्भ में सामान्य जानकारी –**

**1. प्रशिक्षण कार्यक्रम –**

इन संस्थानों के द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इन कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी जैसे अवधि इत्यादि सारणी में दी गई है, जिसमें प्रशिक्षण शुल्क की जानकारी है । प्रत्येक संस्थान का प्रशिक्षण कैलेण्डर संबंधित संस्थान से प्राप्त किया जा सकता है । प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित विज्ञापन देश के अग्रणी एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं ।

| पाठ्यक्रम विवरण | | |
|---|---|---|
| कोड | पाठ्यक्रम का नाम (अवधि) | प्रभार |
| | **उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम** | निःशुल्क |
| **U1** | कृषि में ऊर्जा प्रबन्धन के लिए उपयुक्त मशीनीकरण तकनीक (4 सप्ताह) | |
| **U2** | उन्नत कृषि मशीनरी का चयन, प्रचालन, सुरक्षा व रखरखाव (6 सप्ताह) | |
| **U3** | पावर टिलर का प्रचालन, रखरखाव एवं प्रबन्धन (2 सप्ताह) | |
| **U4** | कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्यातिरिक्त/मूल्य संवर्धित उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (2 सप्ताह) | |
| **U5** | महिला कृषकों के लिए उपयुक्त सहयोगी उपकरण (3 दिन) | |
| **U6** | कृषि में अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत की उपयोगिता (1 सप्ताह) | |
| **U7** | जल संरक्षण उपकरण एवं सूक्ष्म सिंचाई द्वारा जल प्रबन्धन (1 सप्ताह) | |
| **U8** | पौध संरक्षण उपकरण का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव (1 सप्ताह) | |
| **U9** | उन्नत कटाई एवं गहाई उपकरणों का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव (2 सप्ताह) | |
| **U10** | हेण्ड पम्प का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव (1 सप्ताह) | |
| **U11** | शुष्क खेती के लिए कृषि यंत्रों का चयन, प्रचालन और रखरखाव | |
| **U12** | विशिष्ट फसलों के लिए मशीनें : | |
| **a)** | धान उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **b)** | मक्का उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **c)** | सब्जी उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **d)** | गन्ना उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **e)** | उद्यानिकी एवं औषधीय उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **f)** | दलहन एवं तिलहन उत्पादन के लिए कृषि मशीनों का पैकेज (1 सप्ताह) | |
| **g)** | चारा/घास उत्पादन के लिए उपयुक्त मशीनें व चारा प्रबंधन | |
| **U13** | कृषि मशीनरी में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग (1 सप्ताह) | |
| | **तकनीशियन स्तर पाठ्यक्रम** | |
| **T1** | स्टेशनरी इंजिनों एवं ट्रैक्टरों की मरम्मत व ओवरहालिंग (6 सप्ताह) | 300/– |
| **T2** | पावर टिलर की मरम्मत व ओवरहालिंग (2 सप्ताह) | 100/– |
| **T3** | उन्नत कृषि यंत्र कर्मशाला स्थापन हेतु मरम्मत व प्रबन्धन (4 सप्ताह) | 200/– |
| **T4** | कृषि मशीनों के हाइड्रॉलिक सिस्टम का अध्ययन व मरम्मत (4 सप्ताह) | 200/– |
| **T5** | आटो इलेक्ट्रिकल उपकरण का रखरखाव एवं मरम्मत तथा बैटरी रि–कंडीशनिंग (3 सप्ताह) | 150/– |
| **T6** | बिजली की मोटरें एवं सबमर्सिबल पम्प का रखरखाव, मरम्मत तथा रि–वाइंडिंग (3 सप्ताह) | 150/– |
| **T7** | भू–समतलन एवं भूमिविकास मशीनरी का प्रचालन व रखरखाव (4 सप्ताह) | 500/– |
| **T8** | डीजल पम्पिंग सेट का स्थापन, मरम्मत व ओवरहालिंग (2 सप्ताह) | 100/– |
| **T9** | कम्बाइन हार्वेस्टर एवं भूसा–मशीन का स्थापन, रखरखाव एवं मरम्मत (3 सप्ताह) | 150/– |
| | **शिक्षण के साथ अर्जन पाठ्यक्रम** (24 सप्ताह) | 300/–प्रति पाठ्यक्रम |
| **TEL1** | स्टेशनरी इंजिन, ट्रैक्टर एवं डीजल पम्पिंग सेट की मरम्मत एवं ओवरहालिंग | |
| **TEL2** | पावर टिलर की मरम्मत एवं ओवरहालिंग | |
| **TEL3** | कृषि मशीनरी मरम्मत एवं रखरखाव, कर्मशाला की स्थापना व प्रबंधन | |
| **TEL4** | आटो इलेक्ट्रिक उपकरण, बैटरी रिकंडिशनिंग, विद्युत मोटर एवं सबमर्सिबल पम्प की रिवाइंडिग का रखरखाव एवं मरम्मत | |
| **TEL5** | कम्बाइन हार्वेस्टर व स्ट्रा–रीपर की स्थापना व रखरखाव | |
| | **प्रबन्धन स्तर पाठ्यक्रम (प्रत्येक 1 सप्ताह)** | 1000/– प्रति पाठ्यक्रम |
| **M1** | कृषि मशीनरी का परीक्षण एवं मूल्यांकन | |
| **M2** | कृषि मशीनरी प्रबन्धन | |
| **M3** | कृषि मशीनरी निर्यात प्रबन्धन | |
| **M4** | कृषि मशीनरी परीक्षण एवं मूल्यांकन के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन | |
| **M5** | उद्यमिता विकास हेतु कस्टम हायरिंग कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना | |
| **M6** | कृषि मशीनरी डीलर, व्यवसायी व निर्माता हेतु मशीनरी का प्रबन्धन | |

| | | |
|---|---|---|
| | **शैक्षणिक स्तर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** | 200 / — प्रति पाठ्यक्रम |
| **A1** | डिग्री / डिप्लोमा इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के लिए फार्म पावर एवं मशीनरी पाठ्यक्रम (4 सप्ताह) | |
| **A2** | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) एवं 10 +2 व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए फार्म पावर एवं मशीनरी पाठ्यक्रम (4 सप्ताह) | |
| | **विभिन्न माध्यमों द्वारा जागरूकता पाठ्यक्रम** | निःशुल्क |
| **AW1** | केन्द्रीय योजनाओं के तहत कृषि मशीनरी, कृषि उद्योग एवं एग्रो क्लीनिक पर अनुदान (1 से 2 दिन) | |
| **AW2** | कृषि में स्ट्रा मेनेजमेण्ट (भूसा,चारा आदि का प्रबन्धन) (1 दिन) | |
| **AW3** | ट्रैक्टरों के लिए केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम एवं कृषि मशीनरी से संबंधित खतरनाक मशीनरी अधिनियम आदि (1 दिन) | |
| **AW4** | कृषि मशीनरी में सुरक्षा (1 दिन) | |
| **AW5** | नई मशीनों की प्रौद्योगिकी को अपनाना व प्रचार | |
| **AW6** | कृषि यंत्रों की वित्तीय व्यवस्था हेतु बैंक कर्मियों का प्रशिक्षण | |
| | **तकनीकी स्थानांतरण कैम्प –संस्थान के बाहर** | निःशुल्क |
| **TT1** | कृषि मशीनरी में ऊर्जा संरक्षण एवं सुरक्षा (1 से 2 दिन) | |
| **TT2** | उन्नत / आधुनिक कृषि मशीनों का परिचय एवं प्रदर्शन (1 से 2 दिन) | |
| **SJ GSY** | **स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना** – ग्रामीण युवकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (12 सप्ताह) | योजना के अनुसार |
| **NB** | **आवश्यकता पर आधारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** –मशीनीकरण विषय पर नामित प्राधिकारियों की मॉग अनुसार निर्धारित (1 से 4 सप्ताह) | 1000 / — प्रति पाठ्यक्रम |
| **FN** | **विदेशी नागरिकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** – भारत सरकार व अन्य देशों के आपसी सहयोग के अंतर्गत (10 से 18 सप्ताह) | सरकारी नीतियों के तहत |
| **DF** | **रक्षा कार्मिकों के लिए विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम**–पुनर्स्थापन महानिदेशालय द्वारा प्रायोजित रक्षा कार्मिकों के लिए कृषि मशीनरी उपयोगिता पर;न्.2 . ज्.1द्ध(12 सप्ताह) | सहमति अनुसार |

2. **प्रमाण पत्र** :– प्रशिक्षण के एक अंग के रूप में नियमित और आवधिक परीक्षाएं ली जाती हैं। ऐसे उम्मीदवारों की जो प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लेते है, प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं।
3. **प्रशिक्षण का माध्यम** :– प्रशिक्षण केवल हिन्दी व अंग्रेजी में दिया जाता है। अतः उम्मीदवारों में इनमें से किसी एक भाषा को समझने व विचार प्रकट करने की योग्यता होनी चाहिए।
4. **वृत्तिका और यात्रा भत्ता** :–
   (क) उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षण ( यू–1, से यू–13 ए–सीरीज कोर्स ) के योग्य निजि उम्मीदवारों को 600 रूप्ये प्रति वृत्तिका समस्त अवधि में प्रशिक्षण के दौरान प्रउान की जाती हैं। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को रेल के द्वितीय श्रेणी अथवा सामान्य बस का आने–जाने का यात्रा किराया उनके निवास स्थान से निकटतम रेलवे स्टेशन /बस स्टैण्ड तक देय होगा । अपने निवास स्थान अथवा जिस पते पर उनसे पत्राचार किया गया है, के सम्बन्ध में उनको आवश्यक प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा । इसके अतिरिक्त उन्हें रेल अथवा बस का टिकट (जिससे यात्रा की गई है) प्रस्तुत करना होगा।
   (ख) ग्रामीण युवाओं को प्रायोजित स्वर्ग जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना कार्यक्रम के अंतर्गत वृत्तिका जिला प्राधिकरण द्वारा प्राप्त होती हैं।
   (ग) सरकारी विभागों ,अर्धसरकारी विभागों, सहकारी समितियों एवं रक्षा कर्मी अपने–अपने विभागों से नियमानुसार वेतन एवं भत्ते लेने के पात्र होगें । वे वृत्तिका के हकदार नहीं होगें।
   (घ) उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम (यू–1 से यू–13) में चुने गए योग्य उम्मीदवारों को रेलवे की द्वितीय श्रेणी का किराया अथवा साधारण बस किराया , उनके नजदीकी रेलवे स्टेशन / बस अड्डा से दिया जायेगा । प्रवेश के

समय वे वास्तव में जहॉ रह रहे है उससे सम्बेधित गृह प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा (जिस पर सभी तरह के पत्राचार किए जाऐंगे) ।

(ड़) उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षण (यू–1 से यू–13) के अतिरिक्त किसी भी प्रशिक्षणार्थी को कोई यात्रा भत्ता / अन्य भत्ता नहीं दिया जाऐगा ।

**5. शुल्क (आकस्मिक शुल्क)**

इस सन्दर्भ में प्रशिक्षण कार्यक्रम की सारिणी में विस्तृत जानकारी दी गई है। चयनित प्रार्थी को प्रवेश के समय यह शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा ।

**6. आवेदन कैसे करें** :–

**I-** उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षण :– उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षणों के लिए आवेदन पत्र और विवरणिका 20 रूपये प्रति आवेदन के हिसाब से नकद या मनीआर्डर द्वारा निम्न संस्थानों के निदेशक के नाम से भेज कर प्राप्त किए जा सकते है।

1 केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान , ट्रैक्टर नगर , बुदनी 466445, जिला – सीहोर (म.प्र.)
वेबसाईट :– http://dacnet.nic.in/CFMTTI/default.htm

2 उत्तरी क्षेत्र केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान , ट्रैक्टर नगर , बुदनी – 466445, जिला – सीहोर (म.प्र.)
वेबसाईट :– http://dacnet.nic.in/nrfmtti/index .html

3 दक्षिण क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान , ट्रैक्टर नगर , पो. गार्लडिन्ने पिन – 515731 , जिला – अनंतपुर (आंध्रप्रदेश )
वेबसाईट :– http://dacnet.nic.in/srfmtti

4 उत्तर–पूर्वी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान , विश्वनाथ चारियाली, सोनितपुर –784176 असम
वेबसाईट :– http://dacnet.nic.in/NEFMTTI/web site/default.htm

1. उपयोगिता स्तर के अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम :– प्रार्थी सादे कागज पर अथवा विवरणिका में संलग्न आवेदन – पत्र पर अपना पूर्ण विवरण जैसे , नाम , पिता का नाम, आयु , पता , अनुभव एवं सभी कागजातों की प्रमाणित प्रतियां भेजें ।
2. संबंधित संस्थानों की वेबसाइड से सभी पाठ्यक्रमों के आवेदन – पत्र डाउन लोड किए जा सकते है।
3. पाठ्यक्रमों की सामान्य जानकारी हेतु प्रशिक्षण विवरणिका अलग से संस्थानों के निदेशक को 20 रूपये नकद या मनीआर्डर भेज कर प्राप्त की जा सकती है।
4. विभागीय उम्मीदवार अपने विभाग के उचित माध्यम से अपना आवेदन भिजवाएं।

**7.** प्रवेश के लिए न्युनतम अहर्ताएं :–

**I.** उपयोगिता स्तर के प्रशिक्षण :–

- उम्मीदवार को हिन्दी या अंग्रेजी में अपने विचार रखना, पढ़ना व लिखना आना चाहिए व कृषि कार्य का अनुभव हो ।

- वह कृषि या इससे संबंधित कार्यो में संलग्न होना चाहिए । जो भूमि , ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी रखते हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी ।
- आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए विशेष अवस्था में इसकी छूट का अधिकार संस्थान के निदेशक को है।

**II.** तकनीशियन स्तर के प्रशिक्षण :–

- सरकारी , अर्धसरकारी , संगठन द्वारा नामित उम्मीदवार जो कि कृषि यांत्रिकरण सम्बंधी अतिविधियों में संलग्न हो ।
- सम्बंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव एवं युवाओं के लिए आई. टी. आई / जी. वी.ई. आई. का प्रमाण पत्र ट्रैक्टर मैकेनिक /फार्म मैकेनिक फसल उत्पादन /डीजल मैकेनिक इत्यादि ट्रेड में हो।
- उन्नतशील कृषक जिन्होंने उपयोगिता स्तर (यू–2) का कार्स पूरा किया हो और जो कृषि यांत्रिकरण का अच्छा अनुभव रखते हों ।
- कृषि उपकरण निर्माताओं और संगठनों द्वारा नामित उम्मीदवार जो कि यांत्रिकरण से सम्बंध रखता हो को भी सीट की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।

**III.** प्रबंधकीय स्तर के प्रशिक्षण :–

- सरकारी विभाग , कृषि उद्योग , निगमों , अर्धसरकारी संगठनों द्वारा नामित जो कि मध्यम स्तर के तकनीकी अथवा / सुपरवाईजर पद पर कार्यरत हो ।
- उन्तशील कृषक जिन्होने पहले कृषि यांत्रिकरण और कृषि मशीनरी के प्रयोग व रखरखाव का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।
- जिस उम्मीदवार ने यांत्रिक अथवा कृषि अभियांन्त्रिकी की डिग्री प्राप्त की हो ।

**IV.** शैक्षणिक स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

ए–1 : कालेजों/विभिन्न विश्वविद्यालयों ,पालिटेक्निक के डीन अथवा प्राचार्यो द्वारा नामित कृषि इंजीनियरिंग /डिप्लोमा के छात्र।

ए–2 : ट्रैक्टर मैकेनिक , फार्म मैकेनिक , डीजल मैकेनिक लाईनमैन , आटो इलेक्ट्रिकल , फसल उत्पादन से संबंधित छात्र , जो कि आई. टी. आई. / जी. वी. ई. आई. के प्रधानाचार्यों द्वारा नामित किए गए हों ।
उम्मीदवार कृषि यांत्रिकरण के क्षेत्र से संमबंध रखता हो।

**V.** स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना :–

जिले के डी.आर.डी.ए. कार्यालय /जिला पंचायत द्वारा नामित उम्मीदवार ।

**VI.** आवश्यकता पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

संगठनों , सरकार के सक्षम प्राधिकारियों , विश्वविद्यालयों , बैकों , गैर–सरकारी संगठन इत्यादि द्वारा नामित कर्मचारी ।

**VII.** रक्षाकमियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

पुनर्वास निदेशालय , दिल्ली द्वारा नामित उम्मीदवार ।

**VIII.** विदेशी नागरिको के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों , जैसे कि आई. एल. ओ. , एफ.ए.ओ. , आई.टी.ई.सी. एस.सी.ए.ए.पी. इत्यादि द्वारा नामित /प्रायोजित प्रशिक्षित अभियंता एवं तकनीशियन , जिनहें पर्याप्त व्यवहारिक अनुभव प्राप्त है हेतु –10 और 18 सप्ताह की अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कृषि मशीनरी के चयन , प्रचालन , मरम्मत , रखरखाव , प्रबंधन, परीक्षण व मूल्यांकन पर – इन संस्थानों द्वारा विदेशियों के लिये प्रदत्त किये जाते हैं।

प्रार्थी को हिन्दी व अंग्रेजी का सामान्य ज्ञान होना अनिवार्य है।

**8.** परिवीक्षा (प्रोबेशन)

प्रशिक्षण के लिए वास्तविक अपेक्षा कृषि मशीनरी के प्रचलन तथा यंत्रीकृत कृषि कार्य में वास्तविक अभिरूचि तथा कार्य के विषय में रचनात्मक दृष्टि से सोचना एवं कार्य करने के लिए इच्छित हो । एक माह व उससे अधिक अवधि के पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों जो प्रशिक्षण के प्रति अपेक्षित अभिरूचि प्रदर्शित नहीं करते तथा इसके साथ–साथ जिनका प्रवेश अन्य पाठ्यक्रमों में हो जाता है, उन्हे प्रशिक्षण से निकाला जा सकता है।

**9.** छात्रावास

सभी प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के छात्रावासों में निशुल्क आवास की सुविधा दी जाती है, लेकिन उन्हे अपने भोजन के लिए भुगतान करना होता है। पाकशाला का प्रबंध प्रशिक्षणार्थियों की एक समिति द्वारा किया जाता है । प्रशिक्षणार्थियों को खाने के लिए प्रतिमाह 600 रूपये अग्रिम जमा कराना होता है। सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास तथा पाकशाला के लिए बनाए गए नियमों का अनुपालन अनिवार्य है।

**10.** जमा राशि

प्रत्येक चयिन प्रशिक्षणार्थियों को प्रवेश के समय 250/– राशि प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करनी होती है जिसका समायोजन बकाया पाकशाला प्रभार , पुस्तकों के खोने , औजारों या उपकरणों की क्षति या प्रशिक्षणार्थी की असावधानी के कारण सरकार को हुए किसी नुकसान की एवज में देय राशि में किया जाता है । यदि प्रशिक्षणार्थी को अपने कार्य रूचि न लेने या अनुशासन हीनता के कारण प्रशिक्षण से निकाल दिया जाता है या यदि वह प्रशिक्षण छोड़ देता है तो प्रतिभूति जमा राशि जब्त कर ली जाएगी ।

**11.** अनुशासन

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी संस्थान के निदेशक के सीधे नियंत्रण में रहेंगे और संस्थान द्वारा समय – समय पर बनाए गए नियम उनके ऊपर लागू रहेंगे। प्रशिक्षणार्थी द्वारा अनुशासन के उल्लंघन पर उसे संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है । प्रवेश के समय उन्हें छात्रावास , पुस्तकालय आदि से संबंधित नियम उपलब्ध करा दिए जाएंगे ।

**12.** उपस्थिति :

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपातकालीन एवं बीमारी को छोड़कर कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए । उपस्थिति का आवश्यक न्यूनतम प्रतिशत कुल कार्य दिवसों का 90 प्रतिशत है प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे संस्थान परिसर में उपस्थित रहें ताकि संस्थान द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रमों में अल्पकालीन सूचना पर उपलब्ध हो सकें ।

**13.** अन्य आवश्यकताएं :

- प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी की संम्पति के किसी नुकसान या लगने वाली चोट के लिए संस्थान जिम्मेदार नही होगी ।
- उम्मीदवारों को शारीरिक दृष्टि से फिट होना चाहिए और उन्हे तथा कर्मशाला में किसी प्रकार के कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- संस्थान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद कोई नौकरी प्रदान नहीं करता है।
- उपयोगिता प्रशिक्षण कार्यक्रम एव तकनीकी पाठ्यक्रम के लिए चुने प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अपने साथ खाकी पोशाक की दो सेट और जूतो का एक जोडा भी लाना चाहिए । (व्यवहारिक कक्षाओं में चप्पलें और ढीलें कपडे पहने की अनुमति नही है।

**14.** सामान्य सुविधाएं :

**I.** उपकरणों और कर्मशाला संबंधी सुविधाएं :– संस्थानों के पास यांत्रिक खेती में प्रयोग में लाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के भी ट्रैक्टर टिलेज , फसल बोने एवं काटन, बीजों को सुरक्षित करने , जमीन को समतल बनाने , सिचाई और ढनाई से संबंधित उपकरण उपलब्ध है। मरम्मत , सर्विस और रिकडींशनिंग के लिए पर्याप्त उपकरणों की सुविधा सहित मशीनिंग , फिटिंग , वैल्डिंग , कारपेन्टरी, ब्लैक स्मित व बीजली मरम्मत कर्मशाला संस्थान की दैनिक जरूरत के अनुसार उपलब्ध है। संस्थान में पौध संरक्षण प्रयोग शाला सिचाई पम्प , हाईड्रोलिक सिस्टम और आटो इलैक्ट्रिकल सिस्टम प्रयोग शाला , फार्म मशीनरी की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए उपलग्ध हैं ।

**II.** फार्म :– विभिन्न कृषि परिचाालन और उन्नत कृषि तथा कृषि उपकरणों के प्रयोग की पद्धतियों के प्रदर्शन हेतु संस्थाओं के पास पर्याप्त कृषि फार्म है। प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि फार्म में होने वाले कार्यों और उनके सुधार से सम्बेधित सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेगें ।

**III.** स्टाफ :– संस्थानों को विभाग का दर्जा प्राप्त है तथा भारत सरकार के कृषि मंत्रालय (कृषि एवं सहकारिता विभाग )के अंतर्गत कार्यरत हैं। शिक्षित एवं वरिष्ठ अभियंताओं ,की देखरेख में अनुभवी एवं शिक्षित तकनीकी स्टाफ प्रशिक्षण कार्य हेतु उपलब्ध है।

**IV.** श्रव्य एवं दृश्य इकाई :– सभी व्यवहारिक प्रशिक्षण के पूरक रूप में इन संस्थानों में ट्रैक्टर ,इंजन इत्यादि के कट–मॉडल तथा पाठ्यक्रमों से संबंधित डिस्पले चार्ट , बोर्ड इत्यादि उपलब्ध है ।इसके अतिरिक्त श्रव्य एवं दृश्य इकाई में सी. डी. तथा विडियों कैसेट भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है।

**V.** पुस्तकालय :– संस्थानों में पर्याप्त तकनीकी पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय है इनमें पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में इंजीनियरिंग से संबंधित जर्नल उपलब्ध है।

**VI.** छात्रावास :– सभी संस्थानों में आवश्यक सुविधाओं से युक्त छात्रावास में आवास की सुविधा उपलब्ध है। पाकशाला का प्रबंध प्रशिक्षणार्थियों को स्वंय वहन करना होता है। छात्रावास में इनडोर व आउटडोर खेलो की सुविधा उपलब्ध है।

**VII.** विश्राम गृह :– उपयुक्त सुविधाओं से युक्त बाहर से आने वाले आगुन्तकों के लिए संस्थानों में विश्राम गृह की सुविधा उपलब्ध है।

**VIII.** औषधालय :– स्टाफ व प्रशिक्षणार्थियों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु , दवाओं एवं उपकरणों के साथ औषधालयों है। इसमें एक नियमित कम्पाउन्डर दिन में अल्पकालीन चिकित्सक उपलब्ध होते है।

परीक्षण गतिविधियां :– संस्थानों के परिक्षण खण्ड आधुनिक सुविधाओं जैसे की सुक्ष्म मापक यंत्रों , जिनकी कृषि मशीनरी , ट्रैक्टर /पशुचलित उपकरण , हस्तचलित औजार , सिंचाई पम्प , इंजन तथा अन्य घटकों की भरतीय मानक व्यूरों के आधार पर परीक्षण में आवश्यकता होती है। से पूर्णः सुसज्जित है। जिला उपभोगता फोरम के प्रार्थना पर भी उपकरणों का मूल्यांकन किया जाता है।

हितग्राही :–

1. कृषि मशीनरी के निर्माता ।
2. अनुसंधान एवं विकास संस्थान ।
3. कृषि विश्वविद्यालय ।
4. राज्य सरकार द्वारा संचालित एग्रो इन्डस्ट्रीज ।
5. ग्रामीण वित्तीय संस्था ।
6. ग्रामीण विकास अभीकरण जो कृषि यांत्रिकरण के क्षेत्र से जुड़े हों ।

7. कृषि मशीनरी के वितरक एवम् उपभोक्ता ।
8. जिला उपभोक्ता फोरम ।

परीक्षण सुविधाओं का उपयोग कैसे करें :–

परीक्षण सुविधा हेतु आवेदक को निर्धारित आवेदन , निर्धारित परीक्षण शुल्क , डीमांड ड्राफ्ट के रूप में संस्थान निदेशक के नाम से संलग्न कर , संबंधित निदेशक को भेजना होता है । आवेदन पत्र , परीक्षण शुल्क और अन्य जानकारी संबंधित संस्थान के वैबसाइड पर उपलब्ध है।

| यू – 1 कृषि ऊर्जा प्रबन्धन में उपयुक्त यंत्रीकरण तकनीक | | |
|---|---|---|
| **अवधि : 4 सप्ताह** | **प्रभावी कार्यदिवस : 20** | **कुल दिवस : 40** |
| **हितग्राही : उन्नत कृषि यंत्रो का उपयोग करने वाले प्रगतिशील कृषक , ट्रैक्टर , पावर टिलर एवं कृषि यंत्र मालिक , प्रचालक , एवं सहकारी व अन्य शासकीय / अशासकीय संस्थाओं के उम्मीदवार ।** | | |

**सामान्य : 4 इकाई**

- कृषि में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता ।
- ईंधन संरक्षण का स्कोप – उपयुक्त मेचिंग उपकरण ,रखरखाव एवं प्रचालन की उपयुक्त तकनीक ।
- कृषि मशीनरी में वैकल्पि उर्जा स्रोतो का स्कोप – जैविक ईंधन, सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा ।
- ऊर्जा बचाने वाले उपकरणों का चयन व उपयोग जैसे ,नो टिल सीड ड्रिल रेज्ड बैड प्लाण्टर, रोटावेटर , रीजर सीडर ,वर्टीकल कन्वेयर रीपर इत्यादि ।
- ईंधन व स्नेहक का चयन , सम्भाल एवं भण्डारण ।
- उपयुक्त फसल – चक्र का चयन तथा बिजाई के बदलते स्वरुप का अध्ययन ।

**ऊर्जा /ईंधन संरक्षण ,क्षमता एवं कार्यक्षेत्र : 36 इकाई**

(क) फार्म पावर शक्ति :10 इकाई
- रखरखाव के तरीकों का महत्व और हाथों द्वारा अभ्यास
- कृषि मशीनरी एवं पावर में ईंधन संरक्षण की संरक्षण की मुख्य बात ।

(ख) सिचाई पद्धति : 6 इकाई
- सैन्ट्रीफयुगल, सबमर्सिबल,जेट पम्प आदि – सामान्य बनावट , चयन ,स्थापना एवं रखरखाव
- माइक्रो सिंचाई पद्धति :– स्प्रिंकलर एवं ड्रिप पद्धति की आवश्यकता, प्रकार ले–आउट, स्थापना इत्यादि का विस्तृत अध्ययन ।
- सिचाई उपकरणों का समायोजन मरम्मत एवं रखरखाव

(ग) कृषि मशीनरी :– 20 इकाई
- फसलोत्पादन के लिए ऊर्जा योग्य कृषि मशीनरी का परिचय,समायोजन,प्रचालन,सर्विस एवं रखरखाव
- बागवानी , फसल ,सब्जियों इत्यादि के उत्पादन से जुडे योग्य हस्तचालित औजार ।
- स्वचलित एवं ट्रैक्टर चालित ऊर्जा योग्य कृषि मशीनरी :7 रोटावेटर , पावर हैरो , पल्वराजिंग रोलर, राईस सीडर, राईस ट्रास्प्लान्टर ,रीजर सीडर जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल , स्ट्रीप टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल ,रोटरी पावर वीडर , रोजड बेड प्लान्टर , प्लवरज्रिग रोलर, वर्टिकल कनवेयर रीपर , कम्बाईन ( स्ट्रा रीपर ) फोरेज हार्वेस्टर स्ट्रा बेलर ।
- अन्य कोई नवीनतम उत्पादित कृषि उपकरण /मशीन

| यू – 2 उन्नत कृषि यंत्रो का चयन , प्रचालन , सुरक्षा और रखरखाव | | |
|---|---|---|
| अवधि : 6 सप्ताह | प्रभावी कार्यदिवस : 30 | कुल दिवस : 60 |
| हितग्राही : उन्नत कृषि यंत्रो का उपयोग करने वाले प्रगतिशील कृषक , ट्रैक्टर , पावर टिलर एवं कृषि यंत्र मालिक , प्रचालक , एवं सहकारी व अन्य शासकीय / अशासकीय संस्थाओं के उम्मीदवार जो ट्रैक्टर कृषि यंत्र , सिचाई पम्प , पौध संरक्षण उपकरण , कटाई एवं गहाई यंत्र एवं विभिन्न फसलों की विशिष्ट मशीनों के पैकेज की उपयोगिता के प्रचालन , रखरखाव , समायोजन , प्रबंधन इत्यादि पर कौशलोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं। | | |

**सामान्य : 5 इकाई**

- ➢ फार्म शक्ति के स्रोत , मशीनीकृत खेती का स्तर एवं फार्म इंजन पावर टीलर और ट्रैक्टर का स्कोप ।
- ➢ कृषि मशीनरी की सम्हाल एवं सुरक्षित प्रचालन की महत्ता , सडक संकेत व यातायात नियम का अवलोकन / अध्ययन ।
- ➢ सेवा – मरम्मत औजारों का अध्ययन , ईधन तेल और लुब्रिकेन्ट का अध्ययन और भंडारण और सपुर्दगी ।

**फार्म शक्ति : 20 इकाई**

- ➢ अन्तर्दहन इंजन का परिचय और विभिन्न प्रणाली जैसे एयर इंटेक और एग्जास्ट फ्युल लुंब्रीकेशन , कूलिग एवं गव्रनिंग सिस्टम का अध्ययन , इंजन के प्रचालन ,सर्विस और रखरखाव का प्रर्दशन ।
- ➢ ट्रैक्टर एवं पावर टिलरों के प्रकार , माडल और उनकी उपलब्धता तथा देश के विविध कृषिगत परिस्थितियों के संदर्भ में उनका स्कोप ।
- ➢ वर्तमान कृषिगत परिस्थितियों में सघन खेती के लिए पूरक फार्म शक्ति की दृष्टि से पावर टिलर का उपयोग ।
- ➢ पावर टिलर के साथ उपयोग में आने वाले विभिन्न कृषियंत्र एवं उपकरणों का अध्ययन और प्रदर्शन ।
- ➢ ट्रैक्टर के मूल तंत्र , मुख्य इकाई कंट्रोल गेजों और चिन्हों का परिचय ।चलाने से पूर्व व पश्चात की जांच , उचित प्रचालन तकनीक और ऊर्जा संरक्षण की मुख्य बातें । सामयिक रखरखाव एवं सर्विस की महत्ता । ट्रैक्टर परिचालक में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण । व्हील ट्रैक एडजेस्टमेंट एवं बैलास्टिंग इत्यादि पर प्रदर्शन ।

**कृषि मशीनरी : 24 इकाई**

- ➢ हस्तचारित उन्नत औजार :–व्हील हैण्ड –हो सीड ड्रील , फर्टिलाईजर ब्राडकास्टर , सिकल (दराती) , मूंगफली यंत्र ,मेज शेयर , ग्रेन क्लीनर कम ग्रेडर , एसिड डीलिन्टर , सीड ट्रीटर एवं बागवानी के औजार ।
- ➢ पशु एवं हस्तचालित उन्नत औजार :– परिचय संक्षिप्त तकनीकी विवरण , प्रचालन , समायोजन एवं रखरखाव की तकनीक , आपुर्ति का स्रोत , बनावट का विवरण एवं परिस्थितियों का उल्लेख , जहॉ के लिए इन औजारों की सिफारिश की जाती है।
- ➢ शक्ति चलित औजार :– चयन , बनावट का विवरण , समायोजन , सामायिक रखरखाव सर्विस की तकनीक तथा सुरक्षात्मक प्रचालन पर प्रदर्शन एवं कार्योपरांत भण्डारण की तकनीक ।
- ➢ सीड बेड तैयार करने के यंत्र और युक्तियां :– प्लाउ , सबस्वायलर , रोटावेटर , डिस्क हैरो, कल्टीवेटर , पल्वराइजिंग रोलर , भू – समतलीकरण के यंत्र असौ मशीनें।
- ➢ उन्नत बुबाई एवं प्लांटिंग उपकरण :– जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल स्ट्रिप टिल सीड ड्रिल कम फर्टिलाईजर ड्रिल रीजर सीडर कम फर्टिलाईजर ड्रिल , रेज बेड प्लांटर , सीड ड्रिल कम प्लांटर , पैडी ट्रांसप्लान्टर और सीडर , आटोमेटिक आालू

बिजाई यंत्र, गन्ना बिजाई यंत्र , लहसन एवं सब्जी बिजाई यंत्र , तिलहन बिजाई यंत्र इत्यादि ।

- खाद एवं उर्वरक छिडकाने – बिखराने वाले यंत्र : खाद एवे उर्वरक स्प्रेयर , ब्राडकास्टर / एप्लीकेटर ।
- निराई – गुड़ाई के उपकरण : पावर वीडर तथा हाई क्लीयरेंस वीडर ।
- कटाई व गहराई यंत्र :–स्वचालित वर्टिकल कनवेयर रीपर , ट्रैक्टर चालित वर्टिकल कनवेयर रीपर , चारा कटाई यंत्र , आलू व मूंगफली खुदाई यंत्र ,पावर थ्रेशर , कम्बाईन हार्वेस्टर स्ट्रा रीपर , बहूफसली थ्रेशर इत्यादि ।
- फसल प्रसंस्करण मशीनें :– चैफ कटर , मेज शैलर पैडी डिहश्कर, मूंगफली फोड़ाई यंत्र तिलहन पेराई यंत्र , ड्रायर इत्यादि ।
- लघु दाल मिल , फससल संभालने व यातायात के उपकरण ।

**सिंचाई के उपकरण : 4 इकाई**

- सिंचाई पम्पों के चयन , उपयोगिता , प्रकार , प्रचालन के सिद्धांत , एवं विस्तृत विवरण ।
- पम्प स्थापना , पाइप फीटिंग का अध्ययन व अभ्यास । उचित प्रचालन , रखरखाव , जॉच व उनकी खराबियॉ , कारण एवं निवारण ।
- स्प्रिंकर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति का परिचय एवं अध्ययन ।
- वोल्टमीटर , एमीटर इत्यादि का परिचय , जली हुई मोटरों एवं विद्युत सर्किट की खराबियों की जॉच, स्टार्टर की सेटिंग व मोटर के घुमने की दिशा की जांच ।

**पौध संरक्षण उपकरण : 2 इकाई**

- मानव चलित व शक्ति चलित स्प्रेयर , डस्टर के अलावा एरो ब्लास्ट स्प्रेयर हाई क्लीयरेंस स्प्रेयर्स इत्यादि का परिचय व अध्ययन ।
- स्प्रेयर एवं डस्टर को खोलना व बांधना, नोजल , कट – आफ डिवाइस इत्यादि की सेटिंग पर प्रदर्शन व अभ्यास ।
- स्प्रेयर एवं डस्टर के कैलीब्रेशन , सुरक्षित प्रचालन के निर्देश एवं मौसम के उपरान्त सुरक्षित भंडारण की तकनीक ।
- पौध संरक्षण उपकरणों का विवरण , उपलब्धता इत्यादि ।

**फार्म ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत : 1 इकाई**

- बायो गैस संयंत्र , विन्डमिल और सौर ऊर्जा चालित उपकरणों से परिचय एवं उनकी रचना सम्बंधित ब्यौरे का वर्णन । उपकरणों का प्रदर्शन उनकी देखरेख एवं रखरखाव ।

**प्रारम्भिक सस्य विज्ञान और खेती की उन्नत तकनीक : 2 इकाई**

- शुष्क कृषि प्रौद्योगिक, मिट्टी की नमी का संरक्षण एवं सफल उत्पादन कार्यक्रम ।
- फसल – चक्र विविध और मिश्रित फसल कार्यक्रम ।
- मशीनों द्वारा निकाई – गुड़ाई कार्य और रसायनों द्वारा खरपतवार नियंत्रण की विधि।
- कीटों तथा रोगों के नियंत्रण के लिए छिड़काव करने तथा बुरकने वाली मशीनों द्वारा पौध संरक्षण रसायनों का प्रयोग ।
- भंडारण के सिद्धांत और पद्धति तथा कृषि उत्पाद की सम्हाल ।
- अधिकतम फसल उत्पादन के लिए वैज्ञानिक प्रक्षेत्र प्रबंध अभिलेख रखना ।

**कृषि मशीनरी प्रबंधन : 2 इकाई**

- ट्रैक्टर के अनुरुप उपकरणों का चयन ।
- प्रचालन ,रखरखाव व सर्विस सम्बंधी मेनुअलों तथा पार्टस कैटलॉग का प्रयोग ।लॉग बुकें व हिस्ट्री शीट तैयार करना ।
- ट्रैक्टर के प्रचालन की लागत का हिसाब बनाना ।
- ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के भण्डारण के संबंध में दिशा निर्देश ।

| यू – 3 पावर टिलर का प्रचालन , रखरखाव और प्रबंधन | | |
|---|---|---|
| अवधि : 2 सप्ताह | प्रभावी कार्यदिवस : 10 | कुल दिवस : 20 |
| हितग्राही : उन्नत कृषि यंत्रो का उपयोग करने वाले प्रगतिशील , लघु एवं मझौले स्तर के कृषक ट्रैक्टर / पावर टिलर एवं कृषि यंत्र मालिक , प्रचालक , एवं सहकारी व अन्य शासकीय / अशासकीय संस्थाओं के उम्मीदवार । | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- भारतीय कृषि में कृषि मशीनीकरण के लिए शक्ति का स्तर ।
- भारतीय कृषि में पावर टिलर का स्कोप ।
- भारत में उपलब्ध विभिन्न मेक और माडल के पावर टिलरों की जानकारी ।
- पावर टिलर का चयन ।

**प्रचालन एवं प्रदर्शन : 10 इकाई**

- पावर टिलर के विभिन्न कंट्रोलों एवं सुरक्षात्मक निर्देशों का अध्ययन , संरचना सम्बंधी बातें , समायोजन , निरोधक रखरखाव जुताई – बुआई ,रोपाई अन्तः कृषि कार्य, पौध संरक्षण, फसल की कटाई और कटाई के बाद के कामों के लिए उसके प्रचालन की तकनीक , सामग्री का सम्हाल ,परिवहन (संलागी) अटैचमेंट ।
- उपर्युक्त संलागी लगाकर फार्म पर अभ्यास एवं बिजाई पूर्व भूमि तैयार करने के विभिन्न तकनीक ।
- विभिन्न उपकरणों के साथ प्रर्दशन : रोटावेयर , पिट डिगर , ट्री कटर , ग्रास कटर , रेसीड्यू कलेक्टर ।
- पावर टिलर प्रचालन में सुविधा सम्बंधित बिन्दुओं का अध्ययन ।

**मरम्मत और रखरखाव : 8 इकाई**

- इंजन के विभिन्न सिस्टमों जैसे : एयर , ईधन ,लुब्रीकेशन , कुलिंग इत्यादि की संरचना , रखरखाव मरम्मत तकनीक का अध्ययन ।
- गियर शिफ्टिंग मेकेनिजम , फाइनल ड्राइव और रोटरी सिस्टमों की संरचना , रखरखाव एवं मरम्मत तकनीक का अध्ययन ।
- पावर टिलर का सामयिक रखरखाव तथा खराबियाँ, कारण एवं निवारण ।
- पावर टिलर प्रचालन व उसकी लागत का विश्लेषण ।

| यू – 4 कृषि प्रसंस्करण व मुल्यवर्धन उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | | |
|---|---|---|
| अवधि : 2 सप्ताह | प्रभावी कार्यदिवस : 10 | कुल दिवस : 20 |
| हितग्राही : कृषि उद्यमी , प्रचार –प्रसार कार्यकर्त्ता प्रगतिशील कृषक एवं सहकारी व अन्य शासकीय / अशासकीय संस्थाओं के उम्मीदवार । | | |

**सामान्य : 4 इकाई**

- फल एवं सब्जियों सहित खाद्यान्न एवं अन्य फसलों से संबंधित प्रसंस्करण , प्रबंधन में कठिनाइयाँ।
- कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में उद्यमिता का स्कोप ।
- खाद्यान्न, तिलहन, दलहन , मसाले एवं रोपनी फसलों के मूल्य संवर्धन से जुडी तकनीक।
- उद्यमिता एवं अन्य समबंधित व्यावसायिक खेती से जुड़ी प्राथमिक आवश्यकता ।

**प्रसंस्करण तकनीक : 14 इकाई**

- उच्च गुणवत्ता को विकसित करने के उद्देश्य से निम्न प्रसंस्करण उपकरणों का परिचय, विशिष्ट उपयोग एवं अध्ययन।
  खाद्यान, फल व सब्जी इत्यादि के लिए क्लीनर व ग्रेडर, ड्रायर, डिहाईड्रेटर, ग्राइण्डर, डिकार्टिकेटर, डिहस्किंग व स्कोरिंग मशीनें, हलर व शेलर, सब्जी व फूल उगाने के लिए पाली हाउस, जानवरों के लिए तुड़ा बनाने वाली मशीनें, दाल मिल, फ्लोर मिल, क्रशर, पालिसर, फीड ब्लाक बनाने की मशीन, मेजशेलर, गन्ना पिराई व गुड़ बनाने की मशीन, भण्डारण स्ट्रक्चर, तेल निकालने वाली मशीन, पैकिंग व वजन करने वाली मशीनें, रेफ्रीजरेशन व कोल्ड स्टोरेज उपकरण, क्षेत्रीय आवश्यकता के अन्य दूसरे उपकरण ।

**विभिन्न प्रसंस्करण इकाइयों की अध्ययन यात्रा : 2 इकाई**

- कृषि प्रसंस्करण इकाइयों के प्रस्थापना से संबंधित समस्याएँ और तकनीकी स्तर के मूल्यों का आंकलन ।

| यू – 5 महिला कृषकों के लिए उपयुक्त कृषि यंत्र | | |
|---|---|---|
| अवधि : 3 दिन | कार्यदिवस : 3 दिन | कुल दिवस : 06 |
| हितग्राही : उन्नतशील महिला कृषक । | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- कृषि में महिलाओं की भागीदारी ।
- तकनीक एवं लिंग मुद्दा ।
- महिला किसानों की एरगोनोमिकल गुणधर्म।
- कार्य के दौरान थकान /परेशानी का आकलन।
- महिला किसानों के लिए उन्नत कृषि यंत्र व उपकरण ।
- हस्तचालित चारा मशीन के सुरक्षात्मक पहलू।
- फार्म औजार व मशीनों के प्रचालन में सुरक्षा ।

**सम्बधित क्षेत्र में लोकप्रिय चयनित औजारो / उपकरणों का प्रदर्शन : 4 इकाई**

सीड ट्रीटमेंट ड्रम छोटा मध्यम व व्यवसायिक स्तर के डिलेंटर्स , हस्तचालित रीजर , डिबलर , मानव चलित सीड ड्रिल , क्रस्ट ब्रेकर , मानव चालित धान रोपाई मशीन ,हस्तचलित व्हील हो हस्तचलित स्प्रेयर उर्वरक छिडकाव यंत्र सुरक्षा किट उन्नत दराती पंजाब , सी आई ए ई भोपाल माडल भिंडी तोडक यंत्र घास कटाई करने वाली तलवार , हस्तचलित चारा कटाई मशीन, गन्ना सूखी पत्ती छिलाई यंत्र , कपास तना / डंठल उखाडने का यंत्र ,बागवानी औजार मक्के का दाना निकालने का यंत्र , मूंगफली छिलाई यंत्र , पद चलित सफाई व छटाई यंत्र, लटकाने वाले गहाई–छटाई, मोटर चलित दाल मिल व दाना मिल, आलू छिलाई / आलू चिप्स यंत्र और अन्य उपकरण , ऑवला तोडने की मशीन , पापड व बडी बनाने का मशीन ।

| यू – 6 कृषि के गैर परम्पारिक ऊर्जा स्त्रोतो का प्रयोग । | | |
|---|---|---|
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल दिवस : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग । | | |

- कृषि के गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतो का परिचय व कार्यक्षेत्र ।
- पवन चक्की और पवन ऊर्जा चालित जेनरेटर सेड का परिचय ।
- सौर ऊर्जा चालित उपकरण , जैसे : फोटो वोल्टिक वाटर पंप , वाटर हीटर , डीस्टिल्ड वाटर प्लांट , कुकर , ग्रेन ड्रायर , स्ट्रीट लाइट इत्यादि विभिन्न सोलर उपकरणों का अध्ययन ।
- बायोगैस प्लाट – प्रकार , बनावट , क्षमता , कच्चे पदार्थ की आवश्यकता , महत्तव इत्यादि का अध्ययन ।
- बायोगैस चालित चूल्हा तथा बायोगैस द्वारा चालित इंजन का प्रदर्शन और उनका सामयिक रखरखाव ।

| | | |
|---|---|---|
| **यू – 7 स्प्रिंकलर एवम् टपका सिंचाई तथा अन्य बचत युक्तियों के द्वारा जल प्रबंधन ।** | | |
| **अवधि : 1 सप्ताह** | **कार्यदिवस : 5 दिन** | **कुल दिवस : 10** |
| **हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग ।** | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- जल प्रबंधन में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का परिचय और संरक्षण के संदर्भ में परम्परागत सिंचाई पद्धति से तुलना।
- स्प्रिंकलर टपका सिचाई प्रणाली की आवश्यकता इसकी कमियां और मुल्य घटकों का परिचय ।
- विभिन्न फसलों के लिए पानी की आवश्यकता और भूमि जल संबंघ ।
- स्प्रिंकलर टपका सिचाई प्रणाली और रेन गन की महत्ता ।

**जल प्रबंधन : 8 इकाई**

- स्प्रिंकलर व टपका सिचाई सिस्टम
- आधारभूत हाइड्रोलिक के घटको का अध्ययन कार्य सिद्धांत डिजाइन और उनकी स्थापना ।
- डिजाइन चार्ट और डिजाइन विधि का अध्ययन व प्रयोग : समान व असमान ढाल के लिए मेन, सबमेन और लेटरल लाइनों की डिजाइन ।
- सूक्ष्म सिचाई तत्रों के लिए विभिन्न पंपो व शक्ति का निर्धारण ।
- उपरोक्त तंत्रों का प्रचालन , रखरखाव ,प्रबंधन और समस्या निदान।
- प्रत्येक तंत्रों का आर्थिक विश्लेषण ।

| | | |
|---|---|---|
| यू – 8 पौध संरक्षण उपकरणों का चयन , प्रचालन एवम् रखरखाव । | | |
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल दिवस : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 1 इकाई**

- खाद्य एवं फलदार फसलों के लिए पौध संरक्षण की आवश्यकता सि,द्धांत और विधियां।
- पौधों के रोगों का अध्ययन , और उनका कारण और निदान ।
- मुख्य कीटों का अध्ययन और उनका रासायनिक नियंत्रण ।
- विभिन्न प्रकार के मानव व शक्ति चालित पौध संरक्षण उपकरणों के कार्य ,बनावट चयन और प्रयोग का अध्ययन ।
- उपयुक्त पौध संरक्षण उपकरणों का चयन , उनकी उपलब्धता के स्रोत व लागत इत्यादि । प्रचालन और रखरखाव : 7 इकाई
- विभिन्न प्रकार के उपकरणों का वर्णन , समायोजन और उनका प्रदर्शन ।
- मानव और शक्ति चालित पौध संरक्षण उपकरणों जैसे : झ्प्रेंयर , डस्टर , फॉग जनरेटर इत्यादि का प्रचालन ।
- सामान्यतः प्रयोग होने वाले मानव व शक्ति चाालित पौध संरक्षण उपकरणों को खोलना एवं बाधना ।पम्प नोजल कट आफ डिवाइज , स्प्रें पैटर्न का प्रकार तथा स्प्रेयर / डस्टर का कैलिब्रेशन प्रत्येक घटक का अध्ययन और मरम्मत इत्यादि ।
- सर्विस और भण्डारण तकनीक ।

**कैलिब्रेशन और सुरक्षा : 2 इकाई**

- रसायन के छिड़काव ( निकास दर , कण का आकार ) की उपयुक्ता क`लिए स्प्रैयर्स का कैलिब्रेशन ।
- पौध संरक्षण उपकरणों के सुरक्षित प्रचालन के लिए निर्देश और सावधानियॉ ।
- पौध संरक्षण तकनीक / मशीनों का आर्थिक विश्लेषण ।

<table>
<tr><td colspan="3">यू – 9 उन्नत कटाई व गहाई मशीनों का चयन , प्रचालन व रखरखाव ।</td></tr>
<tr><td>अवधि : 2 सप्ताह</td><td>कार्यदिवस : 10 दिन</td><td>कुल इकाई : 20</td></tr>
<tr><td colspan="3">हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग।</td></tr>
</table>

**सामान्य : 2 इकाई**

- भारतीय कृषि में कटाई व गहाई मशीनों की संभावनाएं एवं कार्यक्षेत्र । परंपरागत और उन्नत कटाई / गहराई तकनीक की तुलना ।
- भारत में कटाई /गहाई मशीनों के मुख्य निर्मताओं का परिचय ।
- विभिन्न कटाई मशीनों जैसे ट्रैक्टर/पावर टिलर से चलने वाला रीपर ,स्वचालित हार्वेस्टर , स्ट्रा कम्बाईन इत्यादि का अध्ययन ।
- भारतीय मानक ब्यूरों के सुरक्षा अधिनियम का महत्तव और खतरनाक मशीनरी अधिनियम की जानकारी निर्माताओं , विक्रेताओं ,प्रयोगकर्ताओं की जिम्मेदारी ।

**विवरण , प्रचालन और रखरखाव : 18 इकाई**

- मोअर , वर्टिकल कनवेयर रीपर , रीपर बाइन्डर ,पावर थ्रेशर ,कंबाईन हार्वेस्टर ,मेज शेलर , मूंगफली छिलने की मशीन इत्यादि का कार्य का सिद्धांत एवं चयन का मापदंड ।
- रीपर ,मोअर , वर्टिकल कनवेयर रीपर ,थ्रेशर , कंबाईन हार्वेस्टर इत्यादि के विभन्न तंत्रों का परिचय औा अध्ययन तथा उनके सुरक्षित प्रचालन की तकनीक ।
- कटर बार ऊचाई , रीपर और कंबाईन हार्वेस्टर का रेतीस्ट्रेशन एवं एलाइनमेंट , सिलेंण्डर स्पीड कानकेव क्लीरेंस ब्लोअर स्पीड जाली समायोजन , थ्रेसर के बीटर / पेग का एलायनमेंट इत्यादि का अध्ययन और प्रदर्शन ।
- ट्रैक्टर और पावर टिलर पर वर्टिकल कनवेयर रीपर को जोडना और थ्रेसिंग तल पर थ्रेशर की स्थापना । स्टार्ट करने से पहले की जाने वाली जांच । प्राइम मूवर और वेल्ट का एलाइनमेंट ,ट्रैक्टर पी. टी. ओ से थ्रेशर जोडना ।
- फसलों की उपलब्धता , उपयुक्ता के आधार पर स्वचालित वर्टिकल कनवेर रीपर टिलर , ट्रैक्टर / पावर टिलर चालित वर्टिकल कनवेयर रीपर का प्रचालन और प्रदर्शन ।
- फसल की उपलब्धता , उपयुक्ता के आधार पर स्वाचालित वर्टिकल कपवेयर रीपर का प्रचालन और प्रदर्शन ।
- आवश्यक रखरखाव और भंडारण तकनीक ।
- कटाई – गहाई तकनीकियों के प्रचालन का परंपरागत विधि से तुलनात्मक आर्थिक विश्लेषण ।

| यू – 10 हैण्ड पम्प का चयन , प्रचालन एवम् रखरखाव । | | |
|---|---|---|
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल दिवस : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- आम आदमी के लिए स्वच्छ जल का महत्व : आवश्यकता , कमी की समस्या और सुरक्षित तथा स्वच्छ जल की उपलब्धता के विकल्प पर एक चर्चा ।
- स्वास्थ्य , स्वास्थ्यवर्धक और संतुलित भोजन पर चर्चा व अधययन । राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना की जानकारी ।
- हैण्ड पम्प – पानी का स्थायी स्रोत , चर्चा । ग्रामीण स्तर पर प्रचालन और रखरखाव की अवधारणा ।

**प्रचालन , स्थापना और रखरखाव : 8 इकाई**

- साधारण हैण्ड पम्प के कार्य करने का सिद्धांत , इनके कलपूर्जो की जानकारी ।
- हैण्ड पम्प के मरम्मत , रखरखाव और स्थापना के दौरान विभिन्न प्रकार के विशेष औजारों का परिचय ।
- इंडिया·मार्क ( आई. एम. –2 एवं आई एम. –03 ) उन्नत हैण्ड पम्पों पर विशेष ध्यान के साथ विभिन्न प्रकार के पम्पों के मरम्मत , खोलने /बांधने की तकनीक ।
- स्थापना का अभ्यास और कमीशनिंग ,सावधानियां ,तकनीक तथा समस्या निदान ।
- टयूब वैल खुदाई , जलस्तर , जल स्तर का गिराव , रिचार्जिंग क्षमता , पाइप फीटिंग का चयन इत्यादि की जानकारी व अध्ययन ।

<table>
<tr><td colspan="3">यू – 11 शुष्क खेती के लिए कृषि यंत्रों का चयन , प्रचालन एवम् रखरखाव ।</td></tr>
<tr><td>अवधि : 2 सप्ताह</td><td>कार्यदिवस : 10 दिन</td><td>कुल इकाई : 20</td></tr>
<tr><td colspan="3">हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग।</td></tr>
</table>

**सामान्य : 2 इकाई**

- शुष्क खेती की आवश्यकता / भारतीय कृषि में वर्षा आधारित खेती का महत्व । वर्षा आधारित खेती के लिए अनुमोदित विभिन्न फसल चक्र का अध्ययन /परिस्थितितयों के आधार पर फसलों का चुनाव ।

**विभिन्न कृषि कियाओं के लिए मशीनें और उपकरण :18 इकाई**

टिलेज मशीनें : महत्त्वपूर्ण फसलें जैसे अनाज ,दलहन तिलहन ( मूंगफली , सूरजमुखी इत्यादि) की खेती के लिए उन्नत मशीनों /उपकरण । शुष्क खेती में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण जैसे : प्लाऊ , रोटावेटर , गुंटका , कल्टीवेटर इत्यादि का अध्ययन , प्रदर्शन व रखरखाव ।

बुआई उपकरण : शुष्क खेती के बुआई कृषि उपकरणों जैसे ड्रील प्लाऊ, इंक्लाइंड प्लेट प्लांटर डिबलर इत्यादि के कैलीब्रेशन सहित अध्ययन और रखरखाव बुआइ उपकरणों का प्रदर्शन ।

कटाई – गहाई और प्रसंस्करण उपकरण : शुष्क खेती में प्रयोग किए जाने वाले कटाई गहाई और प्रसंस्करण उपकरणों जैसे दराती , मूंगफली खोदने की मशीन ,रीपर ,बहुफसलीय थ्रेशर , मूंगफली थ्रेशर ,रेड ग्राम थ्रेशर , सूाजमुखी थ्रेशर , मेज सेलर , मूंगफली छिलने की मशीन , मिनी दाल मिल इत्यादि का अध्ययन व रखरखाव । कटाई–गहाई और प्रसंस्करण मशीनों का प्रदर्शन ।

निराई–गुड़ाई और पौध संरक्षण उपकरण : निराई गुड़ाई उपकरणों जैसे वीडर ,हा इत्यादि और संरक्षण उपकरणों का अध्ययन , प्रदर्शन और रखरखाव ।

जल–प्रबंधन : वाटरशेड प्रबंधन , रेनवाटर हारवेसिंगट तकनीक के द्वारा जल का संरक्षण, कुओं की रिचार्जिग इत्यादि ।

| | | |
|---|---|---|
| यू – 12 (ए) धान की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल इकाई : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 1 इकाई**

- विभिन्न राज्यों में वर्तमान स्थिति और धान की खेती में मशीनीकरण का भारत में कार्य क्षेत्र /औसत धान उत्पादन, धान विभिन्न किस्में ।
- धान के खेत की तैयारी में प्रयोग होने वाली मशीनों का प्रकार और शक्ति का स्रोत ।

**टिलेज और रोपाई मशीनें – 6 इकाई**

- टिलेज उपकरण जैसे प्लाऊ , हैरो , कल्टीवेटर , रोटावेटर ,पडलर , केज व्हील इत्यादि।
- ट्रैक्टर एवं पावर टिलर के साथ प्राथमिक और द्वितीयक भूपरिष्करण उपकरणों का फार्म अभ्यास /धान के खेत मे मशीन प्रयोग करते समय ऊर्जा संरक्षण की बिंदुबार जानकारी ।
- मैट टाइप नर्सरी उगाने की विधि , नर्सरी विकास का फार्म अभ्यास ।
- नर्सरी में जल प्रदाय की तकनीक पौधों के विकास , नर्सरी के रखरखाव के लिए खाद उर्वरक और कीटनाशक का प्रयोग ।
- विभिन्न धान रोपाई यंत्र जैसे मानव चालित और स्वचालित रोपाई यंत्र की बनावट और उनके द्वारा धान की रोपाई ।
- मानव द्वारा रोपाई विधि से ट्रांसप्लांटर मशीन द्वारा रोपाई का लाभ , धान में खरपतवार निकालने वाली मशीन वीडर का महत्त्व ।
- खेत में प्रयोग के दौरान ट्रांसप्लांटर की समस्याएं और उनका निदान , सर्विस और रखरखाव ।
- उर्वरक छिड़काव मशीन, स्प्रेयर और डस्टर का अध्ययन ।
- धान की खेती में सिचाई की विधि ।धान के खेत में सिचाई हेतु पम्प का चयन , स्थापना , प्रचालन तथा इनकी समस्या निदान ।

**कटाई – गहाई उपकरण : 3 इकाई**

- वर्टिकल कनवेयर रीपर , थ्रेशर , कंबाईन हारवेस्टर एवं विनोअर इत्यादि का अध्ययन , प्रदर्शन , समायोजन और सर्विस ।

| यू – 12 (बी) मक्के की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
|---|---|---|
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल इकाई : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- भारत में मक्के की खेती का महत्त्व , मक्के की उत्पादन तथा उत्पादकता का भारत के विभिन्न भागों में संभावनाएं ।
- मक्के का उत्पादन बढाने के लिए फसल – चक्र , मक्के की उन्नत किस्में और इसकी उपलब्धता ।
- मक्के के अधिकतम उत्पादन के लिए शस्य क्रियाएं ।

**खेती की मशीनों : 8 इकाई**

- मानव चलित , पशुचलित और ट्रैक्टर चलित मेज प्लांटर , वीडर मेज शेलर , क्लीनर और ग्रेडर पर विशेष ध्यान के साथ खेत की तैयारी , बिजाई , कटाई शेलिंग इत्यादि में प्रयोग की जाने वाली मशीनों का अध्ययन , प्रयोग , कैलीब्रेशन ,समायोजन , रखरखाव ,समस्या निदान और प्रदर्शन ।
- शक्ति चालित मेज शेलर की स्थापना , समायोजन और प्रचालन । मक्के के दाने निकालने में सुरक्षा हेतु सावधानियॉ तथा समस्या , निदान ।
- ट्यूबलर मेज सेलर से मक्के के दाने निकालना , मक्के की सफाई , वर्गीकरण और भंडारण।
- मक्के का अनाज की तरह महत्त्व , मक्का और इसके सह उत्पाद के विपणन का कार्यक्षेत्र।

| यू – 12 (सी) सब्जी की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
|---|---|---|
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल इकाई : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- अधिक कृषि आय के लिए सब्जी की खेती को अपनाने और उसके विकास पर विशेष ध्यान के साथ भारत में उगायी जाने वाली मुख्य सब्जी की फसलें ।
- सब्जी की खेती का कार्यक्षेत्र , उन्नत बीज , किस्में तथा बाजार की स्थिति का चयन और तुलनात्मक आर्थिक विश्लेषण ।
- भूमि प्रकार , मौसम , भूप्रकृति , पानी की आवश्यकता और नमी संरक्षण तकनीकियों का संक्षिप्त अध्ययन ।
- उगाने के विभिन्न तरीके , जैसे : सीधे बुआई रोपाई , कलम इत्यादि का परिचय ।

**विवरण , प्रचालन एवं रखरखाव – 8 इकाई**

- विभिन्न सब्जी की फसलों की खेत के तैयारी , बिजाई /रोपाई , खुदाई , निराई , कीटनाशक का छिड़काव ,कटाई ,ढलाई और प्रसंस्करण के लिए मशीनों /उपकरणों का चयन ।
- रोटावेटर , हैरो , कल्टीवेटर , रीजर / डिचर , बुआई , रोपाई यंत्रों , मानव शक्ति चालित स्प्रेयर डस्टर , डिगर , शेकर इत्यादि का कार्य , प्रचालन और रखरखाव ।
- सुक्ष्म सिंचाई पद्धति ( बौछार व टपका प्रणाली ) का परिचय व अध्ययन । इनका चयन , डिजाइन और स्थापना इत्यादि ।
- स्प्रेयर /डस्टर का चयन , प्रचालन और रखरखाव , नोजल समायोजन , कैलीब्रेशन और प्रचालन के दौरान सावधानियॉ।
- विशेष फसलों के लिए उपयुक्त हारवेस्टर / डिगर का चयन , प्रचालन और रखरखाव ।
- सब्जी की खेती का आर्थिक विश्लेषण ।

| यू – 12 (डी) गन्ने की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
|---|---|---|
| **अवधि : 1 सप्ताह** | **कार्यदिवस : 5 दिन** | **कुल इकाई : 10** |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- गन्ने की खेती का परिचय एवं अभ्यास ।
- बुआई पूर्व भूमि तैयार करने वाले यन्त्रों का परिचय ।

**भूविकास वर्णन , प्रचालन एवं रखरखाव : 8 इकाई**

- बुआई पूर्व भूमि करने एवं भूमि सुधार पर प्रदर्शन ।
- सेट कटर का परिचय जैसे मानव चलित ब्लेड टाईप और शक्ति चलित सेट कटर और उनका प्रदर्शन ।
- गन्ना लगाने वाले यंत्रों ,जैसे : बैल चालित /ट्रैक्टर चालित सेमि आटोमैटिक प्लान्टर , ट्रैक्टर चालित ऑटोमैटिक सेट कटर कम प्लान्टर और उनका समायोजन प्रदर्शन एवं सर्विस ।
- खरपतवार निकालने वाले और जमीन को भुरभुरा करने वाले यंत्रों का परिचय, समायोजन व प्रदर्शन ।
- छिड़काव करने वाले उपकरणों जैसे वाईड स्वैथ बूम , पदचालित और शक्ति चालित छिड़काव यंत्र , उनका समायोजन , प्रदर्शन व परिचय ।
- स्प्रे बूम और फुट स्प्रेयर के रखरखाव पर अभ्यास , स्प्रेयर की रिसेटिंग , कट आफ डिवाईस बदलना व बाल्व की रिसैटिंग करना इत्यादि ।
- गन्ना डिट्रेशर का परिचय , जैसे कि मानव चालित हार्वेसटिंग ब्लेड , ट्रैक्टर चालित हार्वेस्टर।
- ट्रैक्टर चालित हार्वेस्टर की माउटिंग एवं परिचालन पर प्रदर्शन ।
- गन्ना डिट्रेशर का परिचय , जैसे हज्ञजचालित डिट्रेशर , शक्तिचालित डिट्रेशर और उनका प्रदर्शन ।
- स्टबल शेवर का परिचय , खाद छिड़कने वाले यन्त्रों का प्रदर्शन और परिचालन ।

| यू – 12 (ई) बागवानी व औषधीय फसलों की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
| --- | --- | --- |
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल इकाई : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य : 2 इकाई**

- मुख्यतः बागवानी की खेती करने के लिए प्रोत्साहन और औषधीय फसलों के निर्यात द्वारा अधिक आय के साथ भारत में उगाई जाने वाली मुख्य फसलें ।
- बागवानी व औषधीय फसलों की खेती का कार्यक्षेत्र , विशेष समूह के लिए उपयुक्त बीज का चुनाव , बाजार के अनुरूप और तुलनात्मक आर्थिक विशलेषण ।
- भूमि प्रकार , वातावरण , भूमि की प्रकृति , पानी की आवश्यकता और नमी संरक्षण तकनीकियों का संक्षिप्त अध्ययन ।
- फसल उगाने की तकनीक जैसे : सीधे बुआई , पौध रोपण , बडिंग इत्यादि का परिचय ।

**परिचालक , रखरखाव और विवरण : 8 इकाई**

- विभिन्न महत्तवपूर्ण बागवानी व औषधीय फसलों के लिए खेत की तैयारी , बुआई पौध रोपण , निराई , गुडाई , कीटनाशक का छिड़काव , कटाई, ढुलाई और प्रसंस्करण के लिए यंत्रों का चयन ।
- रोटावेटर , हैरो , कल्टीवेटर , रिजर, डिचर , पोस्ट होल डिगर, प्लांटर , ट्रांसव्लान्टर आदि व शक्ति चलित स्प्रेयर डस्टर , शेकर इत्यादि का कार्य, परिचालन और रखरखाव ।
- ग्रीन हाउस अवधारणा का परिचय , नर्सरी उगाना ,नर्सरी स्थानांतरण की तकनीकियॉं और सह फसलों के लिए विभिन्न समुच्चय ।
- सूक्ष्म सिचाई प्रणाली जैसे टपका और बौछार सिंचाई का परिचय , चयन , डिजाइन , स्थापना इत्यादि ।
- स्प्रेयर डस्टर का चयन , परिचालन व रखरखाव । नोजल समायोजन , कैलिब्रेशन और परिचालन के दौरान सावधानियॉं ।
- विशेष फसलों के लिए उपयुक्त हार्वेस्टर / डिंगर का चयन , परिचालन व रखरखाव ।
- बागवानी व औषधीय फसलों की खेती के लागत का विश्लेषण ।

| यू – 12 (एफ) तिलहन व दलहन की खेती के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
|---|---|---|
| अवधि : 1 सप्ताह | कार्यदिवस : 5 दिन | कुल इकाई : 10 |
| हितग्राही : उन्नतशील किसान , कृषि यंत्रों के मालिक, प्रचालक , प्रचारक , सरकारी /अर्धसरकारी कृषि विश्वविद्यालय /गैर सरकारी संगठन इत्यादि से संबंधित तकनीकी लोग। | | |

**सामान्य – 2 इकाई**

- भारत में तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता का कार्य क्षेत्र ।
- भारत में तिलहन की स्थिति ।
- भारत में तिलहन के उत्पादन के अवसर एवं बाधाएं ।
- खरीफ की तिलहनी फसलों के लिए उत्पादन की तकनीक , जैसे : सोयाबीन ,तिल , मूंगफली , केस्टर , सरसो , सूरजमुखी इत्यादि ।
- तिलहन उत्पादन बढाने की पद्धति ।
- खरीफ एवं रबी की तिलहनी फसलों की उन्नत किस्में ।
- तिलहनी व दलहनों फसलों का शस्य क्रिया अभ्यास व परिचय ।

**प्रचालन , रखरखाव एवं प्रदर्शन : 8 इकाई**

- खेत को तैयार करने वाले यंत्रो का प्रदर्शन ।
- बुआई के विभिन्न तरीके , सरसों , मूंगफली एवं सोयाबीन आदि फसलों की बुआई में प्रयुक्त यंत्र , जैसे : बीज बुआई यंत्र , प्लांटर की बनावट पर अध्ययन ।
- विभिन्न निराई–गुड़ाई और दूसरे आवश्यक ( हस्तचलित , पशुचलित , शक्तिचलित ) निराई– गुड़ाई यंत्रों का परिचय चयन , व प्रदर्शन ।
- प्रयोग के समय आवश्यकतानुसार विभिन्न परिस्थितियों में पौध संरक्षण उपकरणों का चयन , सुरक्षित परिचालन , सावधानियॉ इत्यादि ।
- स्प्रेयर एवं डस्टर के समायोजन का प्रदर्शन , विभिन्न प्रकार के नोजल , कट – आफ प्रणाली , वाल्वों को बदलने एवं समायोजन का प्रदर्शन । स्प्रेयरों का कैलिब्रेशन एवं सुरक्षात्मक प्रचालन ।
- सरसों , मूंगफली , सोयाबीन एवं सूरजमुखी फसलों की कटाई एवं गहाई के विभिन्न तरीके । कम्बाईन हार्वेस्टर की संरचना एवं समायोजन ।
- थ्रेस्र के सिलिंडर स्पीड , ब्लोअर स्पीड , जाली की गति आदि का समायोजन । तिलहन उत्पादनों की गहाई पर प्रदर्शन एवं समस्या निदान ।
- विनोइंग , सफाई , सम्भाल ,पैकिंग एवं भंडारण में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों का परिचय।
- भंडारण तकनीक एवं उपलब्धता के स्रोत ।

| यू – 12 (जी ) चारा / घास उत्पादन के लिए उपयुक्त कृषि यंत्रों का समुच्चय । | | |
|---|---|---|
